



## द कश्मीर फाइल्स 19 दिन बाद भी दिखा रही दम

विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स बॉक्स ऑफिस पर 19 दिनों का सफर तय कर चुकी है। दिलचस्प है कि एक तरफ जहां टिकट खिड़की पर आरआरआर आंधी–तूफान की तरह कमाई कर रही है, वहीं कश्मीरी पंडितों पर हुए बर्बर अत्याचार की कहानी अभी भी पूरी मजबूती से टिकी हुई है। अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी और दर्शन कुमार स्टारर द कश्मीर फाइल्स ने रिलीज के 19वें दिन भी 2.75 करोड़ रुपये की कमाई की है। इससे पहले सोमवार को फिल्म ने 3.10 करोड़ रुपये का बिजनस किया था। इस तरह 19 दिनों में फिल्म की कुल कमाई 232.52 करोड़ रुपये हो गई है। द कश्मीर फाइल्स की यह कामयाबी ऐतिहासिक ही नहीं, बल्कि किसी सपने की तरह है। हालांकि, फिल्म के लिए 275 करोड़ या 300 करोड़ की कमाई को छूना भी अब सपना ही लग रहा है।
द कश्मीर फाइल्स को भी दिल्ली–एनसीआर के सिनेमाघरों में अच्छी संख्या में दर्शक मिल रहे हैं। हालांकि, बाकी सर्किट्स में फिर की कमाई तेजी से गिरी है। इसकी एक बड़ी वजह एसएस राजामौली की आरआर है। इस फिल्म ने सिर्फ हिंदी वर्जन से 5 दिनों में 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है।

## तेजस्वी प्रकाश के लिए फटॉग्रफर्स पर भड़के करण कुंद्रा

तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा की जोड़ी फैन्स खूब पसंद कर रही है। दोनों को अक्सर साथ में स्पॉट भी किया जाता है। कई वीडियो भी सामने आते हैं। अक्सर उन्हें नागिन 6 के सेट के बाहर देखा जाता है। खैर, इसी शो की शूटिंग के बाद जब ऐक्ट्रेस घर जा रही थीं, तभी पपाराजी ने उन्हें बुरी तरह से घेर लिया था। इस बारे में जानकारी होने के बाद करण कुंद्रा को गुस्सा आया। और उन्होंने उन सभी से माफी मांगने के लिए कह दिया। वह जयपुर से काम खत्म करक लौटे थे। पैप्स जैसे उन्हें दिखाई दिए, पहले तो उनसे वह मिले और फिर बड़े प्यार से पिछली रात हुए तेजस्वी के साथ वाकये पर सवाल किए। उन्होंने एक महिला के प्रति अमानवीय व्यवहार की शिकायत की। और उन्हें दोबारा ऐसा करने के लिए चेताया। उन्होंने गर्लफ्रेंड तेजस्वी को घेरने के लिए और कैमरा उनकी कार में पुश करने के लिए भी डांटा। साथ ही उनके घर में घुसकर उनकी तस्वीरें क्लिक करने पर भी फटकार लगाई। उन्होंने कहा, वो सेफ नहीं है पता है। ऐसे घर क अंदर घुस रहे हैं, अच्छा नहीं लगता है न, बंद करवा दिया मैंने, गाड़ी के भी शीशे काले करवा दिए।

## दंगल डायरेक्टर की फिल्म में वरुण धवन–जान्हवी कपूर मचाएंगे बवाल



ऐक्टर वरुण धवन ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। भेड़िया अभिनेता वरुण धवन की नई फिल्म का नाम है बवाल। इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला और नेशनल अवॉर्ड विनिंग निर्देशक नितेश तिवारी लेकर आ रहे हैं। वरुण धवन की बवाल की रिलीज डेट के साथ साथ ऐक्ट्रेस का भी ऐलान हो चुका है। पहली बार वरुण धवन के साथ फैंस को जान्हवी कपूर की जोड़ी देखने को मिलेगी। मेकर्स ने बताया कि श्बवालश अगले साल अप्रेल में रिलीज होगी। वरुण धवन ने इस फिल्म के बारे में ऑफिशियल ऐलान करते हुए खुशी जताई कि वह साजिद नाडियाडवाला और नितेश तिवारी के साथ काम करने के लिए काफी एक्साइटिड हैं। बता दें ये पहला मौका होगा जब पर्दे पर वरुण धवन और जान्हवी कपूर की जोड़ी देखने को मिली है। इससे पहले कभी दोनों ने साथ में काम नहीं किया है। फिलहाल वरुण धवन अपनी भेड़िया फिल्म को लेकर बिजी चल रहे हैं तो वहीं जान्हवी कपूर श्मिस्टर एंड मिसेज माहीश की शूटिंग में व्यस्त चल रही हैं। बात करें नितेश तिवारी के वर्कफ्रंट की तो वह इंडस्ट्री के पॉप्युलर निर्देशक हैं जो दंगल से लेकर छिछोरी जैसी नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्में बना चुके हैं। दंगल जैसी फिल्म ने न केवल तारीफें बटोरी तो वहीं कमाई के मामले में भी कई फिल्मों को पीछे छोड़ दिया।

# क्यों हुआ था सोमी अली और सलमान खान का ब्रेकअप?



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*वक्त का पहिया कब कैसे घूम जाए, कोई नहीं जानता। न चाहते हुए भी पाकिस्तानी ऐक्ट्रेस सोमी अली की सबसे बड़ी पहचान अब तक यही रही है कि वह सलमान खान की गर्लफ्रेंड थीं। सोमी अली ने ही कहा था कि उन्हें सलमान खान से कोई शिकायत नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह जरूर माना कि सलमान खान ने उन्हें प्यार के रिश्ते में धोखा दिया, लेकिन यह भी कहा था कि सलमान बुरे इंसान नहीं हैं। लेकिन बुधवार, 30 मार्च की सुबह सोमी अली ने उस इंस्टाग्राम पोस्ट ने सनसनी मचा दी, जिसमें उन्होंने बॉलिवुड के सबसे बड़े सुपरस्टार की तुलना हॉलिवुड डायरेक्टर हार्वी वाइनस्टीन से कर दी। वो हार्वी जिस पर 80 से ज्यादा महिलाओं ने सेक्शुअल अब्यूज और मारपीट का आरोप लगाया।*

**8 साल का रिलेशन, 20 साल से सलमान के टच में नहीं**

सोमी अली ने 16 साल की उम्र में मैंने प्यार किया देखी थी। पर्दे पर प्रेम को देखकर दिल की ऐसी मोहब्बत जगी कि सलमान खान से शादी और पांच बच्चे पैदा करने का सपना लेकर इंडिया आ गईं। समय का चक्र देखिए, उस वक्त सलमान खान रिलेशन में थे। संगीता बिजलानी को डेट कर रहे थे। दोनों की शादी होने वाली थी। तभी सोमी अली की सलमान खान की जिंदगी में एंट्री हुई। 1991–1998 तक दोनों ने डेटिंग की, लेकिन फिर ब्रेकअप हो गया। सलमान से ब्रेकअप के बाद सोमी अली फ्लोरिडा चली गईं। अपनी पढ़ाई पूरी की और अब वहीं रहती हैं। वहां एक एनजीओ के साथ महिलाओं और बच्चों के शोषण के खिलाफ काम करती हैं। सोमी ने बीते साल एक इंटरव्यू में कहा था कि वह 20 साल से सलमान के टच में नहीं हैं। न ही उस बारे में कोई बात करना चाहती हैं। सोमी कहती हैं, मुझे सलमान से बस यही शिकायत है कि वह हमारे रिश्ते को लेकर वफादार नहीं थे। मुझे उनसे ब्रेकअप किए 20 साल हो चुके हैं। उन्ध्होंने मुझे धोखा दिया और मैं उससे नाता तोड़



कर चली गई।

**सोमी अली के कारण टूटा था संगीता बिजलानी–सलमान का रिश्ता**

सलमान की जिंदगी में संगीता बिजलानी की एंट्री तब हुई, जब वह सुपरस्टार नहीं थे। 1986 में दोनों ने डेटिंग शुरू की। तब संगीता और सलमान दोनों मॉडलिंग करते थे। 1988 में सलमान की पहली फिल्म बीवी हो तो ऐसी रिलीज हुई और 1989 में मैंने प्यार कियाश ने सलमान को सुपरस्टार बना दिया। संगीता ने भी फिल्मों कोशिश की, लेकिन पर्दे पर ६ ामाल नहीं मचा पाईं। सलमान खान और संगीता बिजलानी करीब 10 साल तक रिलेशन में थे। कहते हैं कि दोनों की शादी होने वाली थी, कार्ड भी छप चुके थे। लेकिन तभी पाकिस्तनी ऐक्ट्रेस सोमी अली की सलमान की लाइफ में एंट्री हुई। संगीता बिजलानी को पता चला कि सलमान उन्हें प्यार में धोखा दे रहे हैं। बताया यह भी जाता है कि मुंबई के सी–रॉक में होटल में संगीता ने कथित तौर पर सलमान खान और सोमी अली को रंगे हाथ पकड़ा था।

**ऐश्वर्या के कारण हुआ सलमान और सोमी अली का ब्रेकअप**

संगीता बिजलानी और सलमान का ब्रेकअप हो गया। संगीता ने 14 नवंबर 1996 को क्रिकेट मोहम्ध्मद अजहरुद्दीन से शादी कर ली। हालांकि 2010 में दोनों का तलाक हो भी गया। सलमान और संगीता की दोस्ती आज भी कायम है। संगीता अब सलमान संग अफेयर को बचकाना और बचपना मानती हैं। सलमान खान की छवि हमेशा से प्लेबॉय वाली रही है। उन्होंने जिस सोमी अली के लिए संगीता बिजलानी को धोखा दिया, उसी सोमी अली को ऐश्वर्या राय बच्चन के लिए चीट किया। सोमी अली ने एक इंटरव्यू में खुद बताया कि वह 1991–1999 तक सलमान संग रिश्ते में थीं। 1999 वही साल है जब हम दिल दे चुके सनम रिलीज हुई थी।

# मुनव्वर फारूकी ने सुनाई दर्दभरी लव स्टोरी,बोले उसने शादी कर ली

*कंगना रनौत का लॉकअप शो खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इस शो में कमीडियन मुनव्वर फारूकी भी हैं, जो अपनी कॉमेडी और ह्यूमर से को–कंटेस्टेंट्स के साथ–साथ ऑडियंस को भी खूब एंटरटेन करते हैं। शो में आने से पहले वो विवादों में रहे थे, लेकिन अब लोग उन्हें पसंद करने लगे हैं और उनकी फैन फॉलोइंग भी बढ़ी है। उन्होंने हाल ही में शो में अपनी दर्दभरी लव स्टोरी सुनाई। उन्होंने बताया कि उसकी 3–4 महीने पहले शादी हो गई। इस वजह से मेरा दिल टूट गया था!*




इस वीडियो में मुनव्वर फारूकी पाकिस्तानी को–कंटेस्टेंट आजमा फलाह से अपने दिल की बात बताते दिखाई दे रहे हैं। आजमा उनसे पूछती हैं कि उसको नहीं पता कि तुम उसे पसंद करते हो? तो मुनव्वर कहते हैं, नहीं, उसको नहीं पता। वो आगे कहते हैं, उसने शादी कर ली। दिल टूट गया था मेरा। अभी तीन–चार महीने पहले ही शादी हुई। पूरे मीडिया, हर जगह बात आ गई। मुझे बुरा लग रहा था, क्योंकि मैं चाहकर भी उसे नजरअंदाज नहीं कर पा रहा था। मोबाइल खोलो तो उसकी फोटो। इंटरनेट पर हर जगह उसकी बात चल रही थी।
फिर मुनव्वर अपनी लव स्टोरी में ट्विस्ट लेकर आते हैं। वो आखिरी में कहते हैं, तू जानती `होगी, कटरीना कैफ को। ये सुनकर आजमा समझ जाती हैं कि मुनव्वर मजाक कर रहे थे। फैंस भी मुनव्वर की लव स्टोरी को ध्यान से सुन रहे थे। उन्हें लगा कि ये सच है, लेकिन अगले ही पल उनके चेहरे पर हंसी आ गई। वीडियो खूब वायरल हो रहा है और फैंस इस पर मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं। इस वीडियो पर फैंस खूब कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा, मुझे लगा सच्ची कोई होगी। वहीं, दूसरे ने कमेंट किया, मुनव्वर की बातें। एक ने लिखा, मैं सीरियस होकर सुन रहा था। लोगों को मुनव्वर की कॉमेडी खूब पसंद आ रही है। इससे पहले भी मुनव्वर का एक वीडियो खूब वायरल हुआ, जिसमें एक्सरसाइज करते समय उनकी पैंट फट गई। ये देखकर कंटेस्टेंट्स के साथ ऑडियंस की भी हंसी नहीं रुकी। लॉकअप शो की बात करें तो शो से कई बड़े चेहरे बाहर हो चुके हैं। इनमें सारा खान, साइशा शिंदे और करणवीर बोहरा का नाम शामिल है। चेतन हंसराज को निकाल दिया गया। वहीं, नए वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट्स की भी एंट्री हुई है। शो में पायल रोहतगी, निशा रावल, अली मर्चेंट और अंजलि अरोड़ा सहित कई कंटेस्टेंट्स एक–दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।